हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 दुकान के ऊपर घर में लगी आग दमकल ने...



08 खनिज माफियाओं ने पहाड़ों को गहरी खाई...



## खबर संक्षेप

### जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज मंगलवार को जिला स्तरीय जल उपयोगिता समिति की होगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी।
 बैठक में सिंचाई जलाश्यों में उपलब्ध जल की मात्रा के अनुसार रबी सिंचाई हेतु जल उपयोग का निर्धारण, विद्युत विभाग द्वारा जल संसाधन की अनुमति के बिना नहर एवं बांध पर विद्युत कनेक्शन नहीं देने हेतु चर्चा तथा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्मित सड़कों के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### कृषि स्थाई समिति की बैठक शुक्रवार को

विदिशा। जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति के सभापति अन्नू धनराज सिंह दांगी की अध्यक्षता में समिति की बैठक बुधवार 15 अक्टूबर को आयोजित की गई है। यह बैठक जिला पंचायत के सभागार कक्ष में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।

### केमिस्ट एसोसिएशन ने शोक व्यक्त किया



विदिशा। केमिस्ट एसोसिएशन ने छिंदवाड़ा में आसमय हुई मासूम की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में एसोसिएशन ने दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन ने 2 मिनट का मौन रखकर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष उमेश सिंगल गौरव चौधरी आशीष माहेश्वरी संजय सिकरवार, संजय सिंघाई, अनिल कटारे, सचिन श्रीवास्तव, दीपक जैन, चंद्रकांत जैन, प्रकाश भंडारी, अरविंद राठी आशीष माहेश्वरी मौजूद रहे।

### नाबालिग बालिका को 48 घंटे में खोज निकाला

विदिशा। ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना शमशाबाद पुलिस ने मात्र 48 घंटे में गुम हुई 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में चल रहे अभियान के अंतर्गत यह सफलता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम को मिली। टीम ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाते हुए साइबर तकनीक का उपयोग कर बालिका का पता लगाया। थाना शमशाबाद में 9 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था।

### एसएटीआई में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ

विदिशा। एसएटीआई के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में एम्बेडेड सिस्टम्स एवं आईओटी डिवाइसेज़ विषय पर एक सप्ताहीय लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र पराशर और विशेष अतिथि डॉ. कनक सक्सेना रहीं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आशुतोष दातार ने एम्बेडेड एवं आईओटी तकनीकों के औद्योगिक महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. सक्सेना ने एआई और आईओटी के एकीकृत प्रयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। डॉ. पराशर ने सेमीकंडक्टर उद्योग की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलेश मेहरा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. भारती मेहरा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## यातायात व्यवस्था लागू: मुख्य बाजार में तीन-चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

# माधवगंज से तिलकचौक तक दोपहिया वाहन भी प्रतिबंधित किए, पैदल करनी होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

दीपावली पर्व पर शहर के बाजार में बढ़ती भीड़ और यातायात अव्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने यातायात नियंत्रण योजना लागू की है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर यातायात थाना प्रभारी आशीष राय के नेतृत्व में यह व्यवस्था शहर के मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों में सख्ती से लागू की जाएगी।

### एसपी ने की अपील

एसपी काशवानी ने नागरिकों से अपील की है कि वे दीपावली की खरीदारी के दौरान निर्धारित यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने मुख्य बाजार में वाहनों का प्रवेश न करने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का आग्रह किया है, जिससे जाम की स्थिति से बचा जा सके और सभी नागरिक सुरक्षित व व्यवस्थित वातावरण में पर्व मना सकें। दीपावली पर्व पर सुगम यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस व नगरपालिका की संयुक्त कार्रवाई के तहत मुख्य बाजार में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व बीच सड़क पर वाहन खड़े करने वालों को समझाइश दी गई। आगामी दीपावली त्यौहार के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से विदिशा यातायात पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा माधवगंज एवं मुख्य बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने दुकानदारों को समझाइश दी कि वे सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें। वाहन चालक सड़क पर वाहन खड़ा न करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी आशीष राय ने बताया कि लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अभी समझाइश दी गई है। इसके बाद भी सड़कों पर सामान रखा तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।



विदिशा। सड़कों पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों को समझाइश देते हुए यातायात प्रभारी आशीष राय।

### इन जगहों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध रहेगा

पुलिस द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, माधवगंज से निकासा, तिलक चौक और बड़ा बाजार तक तीन और चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह, माधवगंज से तिलक चौक तक दोपहिया वाहनों को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, जिससे पैदल खरीदारों को आवागमन में सुविधा मिल सके। नागरिकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है।

### यहां होगी पार्किंग

माधवगंज क्षेत्र में आने वाले दोपहिया वाहन बाल विहार उद्यान में पार्क किए जा सकेंगे। कोतवाली निकासा क्षेत्र के वाहनों के लिए पुरानी नगर पालिका परिषद परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं, बड़ा बाजार और लोहा बाजार क्षेत्र में आने वाले वाहन खाई रोड पर खड़े किए जा सकेंगे।

# खाद की किल्लत, टोकन योजना किसान के लिए बनी बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶कस्बा बागराद

रबी सीजन की बोनी के लिए उपयोग होने वाले खाद डीएपी यूरिया न मिलने से क्षेत्र के किसान खासे परेशान हैं। सहकरिता समिति के माध्यम से मिलने वाला खाद समिति टोकन के तहत बांट रही है। जिसमें किसान ऑनलाइन दुकानों पर खड़े हैं।

अधिकतर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री न होने से फसल अग्री स्टेक में नहीं खुल रही। जिससे टोकन बुक नहीं हो पा रहे। वहीं कुछ किसानों को तो जानकारी ही नहीं की कैसे खाद लेना है। समिति से एक ही जवाब किसानों को दिया जा रहा कि ऑनलाइन टोकन करो हम कुछ नहीं कर पाएंगे। खाद वितरण प्रक्रिया बदलने से किसानों में खासा रोष व्याप्त है।

### टोकन बुक नहीं हो रहे

किसानों ने बताया विगत दिनों से ऑलाइन की दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं। क्षेत्र में बोवनी शुरू हो गई है। खाद उपलब्ध न होने से किसान मसूर, चना, मटर, गेहूं की बोवनी के लिए पिछड़ रहे हैं। समिति प्रबंधक दीपक श्रीवास्तव का कहना है कि ऊपर से ही टोकन नहीं हो पा रहे हैं। किसानों को देने के लिए अभी 100 बोरी डीएपी उपलब्ध है।

# गोवंश के मिले अवशेष अज्ञात पर प्रकरण दर्ज

कुरवाई। नगर में गोवंश के अवशेष मिलने से नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय ईट भट्टों के पास बेतवा रोड पर असामाजिक तत्वों द्वारा गोवंश के अवशेष फेंकने का मामला सामने आने के बाद एसडीओपी रोशनी ठाकुर, थाना प्रभारी पंकज गीते और पुलिस थाने का बल मौके पर पहुंचा और जांच पड़ताल की गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह न केवल पशु क्रूरता का गंभीर मामला है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाने वाला अपराध है। एसडीओपी रोशनी ठाकुर ने बताया कि मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। विहिप बजरंग दल ने चेतावनी दी कि पुलिस शीघ्रता से आरोपियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करे नहीं करती है तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आंदोलन करने को मजबूर होगा।

## प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग सूची जारी होने में मात्र चार दिन शेष

# दीपावली के लिए एक करोड़ गौमय दीप बनाने का लक्ष्य अब तक 55 लाख दीप तैयार किए जा चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सोमवार को अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने बताया कि जिले में एक करोड़ गौमय दीप बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से अब तक 55 लाख दीप तैयार किए जा चुके हैं। इनके विक्रय हेतु बाजार, हाट व सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल लगाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने धान एवं सोयाबीन उपार्जन, खाद्यान्न वितरण, प्रधानमंत्री आवास, सीएम राइज स्कूल, आयुष्मान पखवाड़ा सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अनुविभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

### सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण पर जोर

अपर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग सूची जारी होने में मात्र चार दिन शेष हैं। सभी विभाग लंबित प्रकरणों का समाधान त्वरित रूप से करें ताकि जिले की रैंकिंग में गिरावट न आए। डामोर ने बताया कि मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन 23 अक्टूबर को किया जाएगा, इसलिए सभी विभाग नियत विषयों से संबंधित शिकायतों का निराकरण समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत बैंकों को भेजे जाने वाले प्रकरण पूर्ण रूप से तैयार कर भेजने के निर्देश दिए ताकि उन्हें लौटाने की स्थिति न बने।

### खाद्य पदार्थों की जांच करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि विभाग के निरीक्षकों को नियमित रूप से खाद्य पदार्थों की जांच, नमूना कार्य करने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिले में अपने अपने कार्य क्षेत्रों में विशेष चौकसी निगरानी व परीक्षण सेंपल खासकर दूध, मावा, पनीर, मिठाईयां, नमकीन, तेल मसाले सहित सभी प्रकार की खाद्य सामग्रियों की जांच, निरीक्षण जारी रखे। मिलावट पाए जाने पर जप्त करने की कार्रवाई कर संबंधित कारोबारियों के लाइसेंस निरस्त किए जाए। त्यौहार के दौरान यदि किसी जिले में अप्रिय घटना होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही होगी जिनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप ने शुरू की मुहिम

# सनातनी त्योहार, सनातनियों से व्यवहार के पोस्टर घरों और बाजार में चिपकाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप के सदस्यों ने सोमवार को घरों के आगे और बाजार में पोस्टर चिपकाए। जिन पर लिखा था सनातनी का त्योहार सनातनियों से व्यवहार, आई लव सनातनी दुकानदार।

साथ ही शहर के लोगों से अपील की गई हे कि दीपावली की खरीदारी सनातनी व्यापारियों से ही करें। ताकि उनके परिवार की दीपावली साकार हो सके। इस मुहिम को ट्विटर और फेसबुक के माध्यम से भी चलाया जा रहा है। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि अगर हिंदू मजबूत होगा तो देश भी मजबूत होगा। चाहे एक छोटा दीपक भी क्यों न खरीदना हो चाहे उसके लिए कहीं दूर भी क्यों न जाना पड़े, चाहे थोड़े पैसे ज्यादा भी क्यों न देने पड़ जाए मगर खरीदारी अपने सनातनी व्यापारियों की दुकान से ही करने की अपील चला आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप के सदस्यों ने शहर के लोगों से की है।



### एनसीसी का व्याख्यान एवं श्रमदान आयोजित

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा के कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र के निर्देशन में ग्रीनिंग वेस्टलैंड ऑफ इंडिया थीम पर व्याख्यान आयोजित किया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति ने बंजर भूमि पर पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत जानकारी दी। सूबेदार प्रमोद एच की उपस्थिति में कैडेट्स ने गाजर घास और प्लास्टिक कचरा हटाकर श्रमदान किया तथा प्लास्टिक बोतलों से ट्री गार्ड बनाकर पर्यावरण संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. बी. डी. अहिरवार ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की।

# दीपावली से पहले मिलेगी कर्मचारियों को सौगात

## सीएम डॉ. मोहन यादव से मिले मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने विगत दिनों प्रांतीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से भेंट कर केंद्र के समान राज्य के कर्मचारियों का डीए बढ़ाने पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति प्रदान की है। प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया है कि संगठन के माध्यम से हमने मुख्यमंत्री एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा की है मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दे दी है। विभागीय स्तर पर तैयारी चल रही है। आगामी कैबिनेट बैठक में आदेश होने की पूरी संभावना है। जिला विदिशा के जिलाध्यक्ष ईश्वर शर्मा राजू ने कहा कि सभी विभागों के कर्मचारियों में हर्ष है । मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में मंहगाई भत्ता के आदेश हो रहे हैं।

### राज्य के कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

राज्य कर्मचारियों को दीपावली पर केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग की गई है। इस संबंध में विदिशा में लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश मालवीय ने बताया कि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ाकर 55 से 58 प्रतिशत कर दिया है। इसी आधार पर मप्र सरकार से भी राज्य कर्मचारियों को यह लाभ देने की अपील की गई है। कर्मचारियों का मानना है कि दीपावली पर यह निर्णय राज्य कर्मचारियों के लिए एक बड़ा उपहार होगा। मांग की गई कि महंगाई भत्ते में यह वृद्धि 1 जुलाई 2025 से प्रभावी की जाए।

### जीएसटी और नीति सुधारों की भूमिका पर वेबिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारत में आर्थिक स्थिरता के संदर्भ में जीएसटी और नीति सुधारों की भूमिका" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन द्वारा प्रायोजित था। मुख्य वक्ता डॉ. अनूप कुमार रॉय और सीए नरेश कुमार रहे। वेबिनार में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं 10 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेई के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस वेबिनार ने प्रतिभागियों को जीएसटी और नीति सुधारों के आर्थिक महत्व की गहन समझ प्रदान की।

# सेवा पखवाड़ा में हुए शामिल सांसद ने दिया स्वदेशी पर जोर

## आत्मनिर्भर भारत बनने के लिए नागरिकों से अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को भोपाल सांसद आलोक शर्मा विदिशा आए। इस मौके पर सांसद ने देश की प्रगति, स्वदेशी उत्पादों के महत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

### स्वदेशी पर दिया जोर

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले और आज का भारत पूरी तरह बदल चुका है। भाजपा सरकार का लक्ष्य सिर्फ शासन चलाना नहीं, बल्कि देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। उन्होंने लोगों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि जब हम स्वदेशी अपनाते हैं, तो अपनी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करते हैं। आज भारत सिर्फ खादी या दीयों तक सीमित नहीं, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल, रक्षा उपकरण और लड़ाकू विमान खुद बना रहा है।

### स्वदेशी उद्योगों से देश की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी

शर्मा ने कहा कि स्थानीय कलाकारों, मूर्तिकारों और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी है। स्वदेशी उद्योगों के विकास से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में घोटाले और भ्रष्टाचार हावी थे, जबकि आज मोदी सरकार में पारदर्शिता और सुशासन है। उन्होंने कहा कि पहले भारतीयों को विदेशों में गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी का लाल कालीन से स्वागत होता है। यह भारत की बदलती पहचान और गौरव का प्रतीक है। भाजपा का उद्देश्य देश के सर्वांगीण विकास के लिए हर नागरिक के सहयोग से आगे बढ़ना है।

## रामचरित मानस की प्रासंगिकता पर परिचर्चा का आयोजन किया गया

भगवान राम की वंदना से प्रारंभ हुई परिचर्चा

# जब जीवन से थक जाओ तो रामचरित मानस पढ़ो यह फिर से उत्साह भर देगाः डॉ. कमल चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

साहित्यिक सरोकारों के प्रेरणा मंच द्वारा वर्तमान संदर्भों में रामचरित-मानस की प्रासंगिकता विषय पर सकारात्मक परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह आयोजन नवनीता पांडेय के निवास पर भगवान श्रीराम की वंदना से प्रारंभ हुआ।

परिचर्चा की शुरुआत करते हुए डॉ. कमल चतुर्वेदी ने कहा कि भौतिकता के इस युग में जब युवा पीढ़ी शाश्वत मूल्यों से दूर होती जा रही है, तब रामचरित मानस जीवन के आदर्शों विश्वास, मर्यादा, नीति, शील और लोकमंगल का अनुपम स्रोत है। उन्होंने कहा जब जीवन से थक जाओ, मानस पढ़ो, यह फिर से उत्साह भर देगा।

कुसुम सिंह तोमर ने अपनी कविता मानस और जीवन के माध्यम से बताया कि मानस आज भी हर समस्या का सरल समाधान प्रस्तुत करता है। पराधीन सपनेहू सुख नाही। नवनीता पांडेय ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मानस को केवल धार्मिक ग्रंथ न समझें; इसमें विदेश नीति, समय-प्रबंधन और वाक्पटुता जैसी आधुनिक अवधारणाएं भी निहित हैं, जिन्हें वैज्ञानिक दृष्टि से समझना चाहिए। जागृति अवस्थी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन के हर मोड़ पर मानस की पंक्तियां मार्गदर्शन देती हैं प्रबसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखि कोसलपुर राजा। संतोष नामदेव ने कहा कि सियाराममय सब जगजानी की भावना अपनाकर हम अनेक संकटों से मुक्त हो सकते हैं। अंत में संजीव पांडे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानस केवल धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों का सजीव दर्शन है, जिसका अध्ययन, मनन और चिंतन हर वर्ग के लिए आवश्यक है।



विदिशा। भगवान श्रीराम की वंदना करनके बाद परिचर्चा शुरू की गई।

- मानस केवल धर्मग्रंथ नहीं, मूल्यों का सजीव दर्शन है।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-4365
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7310
चना
न्यूनतम भाव-3520
उच्चतम भाव-5910
मसूर
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6650
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3150
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6500
मक्का
न्यूनतम भाव-1210
उच्चतम भाव- 1760
धान
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव- 2872
मूंग
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-2700
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4600
धनिया
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6350
गेंहू
न्यूनतम भाव-2220
उच्चतम भाव-3000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 18665 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# वेदांत आश्रम के संस्कार ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम से जुड़े संत श्री जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र संस्कार पुत्र प्रदोष शर्मा ने राज्य स्तरीय बाल रंग वेद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने संस्थान का नाम रोशन किया, बल्कि सम्पूर्ण नगर और जिले का मान भी बढ़ाया है। राज्य स्तर पर आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की कई जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें गंजबासौदा को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान मिला। श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य महाराज ने हर्ष व्यक्त करते हुए संस्कार के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि आश्रम का हर विद्यार्थी भारत की सनातन परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का



दायित्व निभा रहा है। विद्यार्थियों को वेद, उपनिषद, व्याकरण, दर्शन और भारतीय संस्कृति का अध्ययन विद्वान आचार्यों के द्वारा कराया जा रहा है जिसके परिणाम सामने है कि आश्रम के विद्यार्थी जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में गंजबासौदा का नाम रोशन कर रहे हैं।

संस्कार ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि विद्यालय में वेदों का अध्ययन कराने वाले काशी के प्रकांड विद्वान वेदाचार्य शिवशंकर पाण्डेय के सान्निध्य और मार्गदर्शन में अर्जित की। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वेद-पाठी छात्रों ने भाग लिया था, जहां संस्कार शर्मा ने अपने स्पष्ट उच्चारण, वेदस्वर की शुद्धता और भावपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। उनकी इस उपलब्धि के साथ ही वेदांत आश्रम, का नाम राज्य स्तर पर एक बार फिर शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सम्मान के साथ गूंज उठा है। विद्यालय के वेदाचार्य शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि राज्य स्तरीय वेद प्रतियोगिता केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा, वैदिक अध्ययन और उच्चारण कला की परीक्षा होती है। इसमें विद्यार्थियों का चयन उनके वेदपाठ की शुद्धता, स्वर-ताल की सटीकता, मंत्रों की व्याख्या और आध्यात्मिक भाव की गहराई के आधार पर किया जाता है। यह केवल उसकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि वेद संस्कृति की विजय है। संस्कार शर्मा ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायकों की सर्वसम्मति से प्रथम स्थान प्राप्त किया आयोजकों ने संस्कार को स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र और आशीर्वाद प्रदान किया। छात्र की इस उपलब्धी पर वेदांत आश्रम परिवार, परिजनों, शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### गत दिवस अवैध पटाखा गोदाम में भी लगी थी आग, प्रकरण हुआ दर्ज

# दुकान के ऊपर घर में लगी आग दमकल ने बुझाई, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सोमवार को दोपहर में नानाजी वाली गली वार्ड क्रमांक 3 में एक किराना दुकान की ऊपरी मंजिल में अचानक आग लग गई। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नपा की दमकल ने तुरंत आग पर काबू पाया और उसे पूरी तरह बुझा दिया। जिससे बडा हादसा टल गया। उधर नगर में गत दिवस एक अवैध पटाखा गोदाम में आग के बाद यह दूसरी आग लगने की घटना है और इसका भी कारण लोग पटाखा एवं पोटाश बता रहे हैं, लेकिन पुलिस एवं प्रशासन ने इस बात से इंकार किया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 3 नानाजी वाली गली में वीरेन्द्र जैन बरवाई वालों की किराना की दुकान है। उसकी ऊपरी मंजिल में वे परिवार सहित रहते हैं। सोमवार को दोपहर में उनके घर में अचानक आग लग गई। घटना के बाद धुंआ निकलते देख और परिजनों के शोर मचाने पर लोगों ने दमकल को सूचित किया और स्वयं आग बुझाने में जुट गए। इस बीच गैस सिलेंडर में भी आग लग गई थी, लेकिन सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल ने बिना देर किए आग को नियंत्रित कर उसे बुझा दिया और एक बडा हादसा टल गया। इस दुर्घटना में वीरेन्द्र जैन के घर में रखा गृहस्थी का सामान, लाख की चूडियां, किराने का सामान आदि जलकर नष्ट हो गया। उधर इस घटना के बाद लोगों का मानना था कि गत दिवस पटाखा गोदाम में लगी आग की तरह ही यह भी उसी तरह की आग हो सकती है, लेकिन प्रशासन ने ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। कोतवाली टीआई संजय बेदिया का कहना है कि घटना स्थल पर पटाखा या पोटाश जैसी कोई विस्फोटक वस्तु नहीं पाई गई। घटना सामान्य आगजनी की ही प्रतीत हो रही है।

उधर गतदिवस अवैध पटाखा गोदाम में लगी आग के मामले में पुलिस ने पंकज एवं नीरज के खिलाफ बीएनएस की धारा 287 एवं विस्फोटक अधिनियम 1884 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### अवैध रूप से रखे हजारों के पटाखे बरामद

**गंजबासौदा।** गत दिवस अवैध पटाखा गोदाम में लगी आग के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है और अवैध पटाखा विक्रेताओं की जांच तेज कर दी गई है। इसी के तहत देर शाम तहसीलदार अरविंद यादव के नेतृत्व में पुलिस एवं प्रशासनिक अमले ने प्रदीप नामदेव निवासी ग्राम रजोदा के यहां से 4 कार्टून पटाखा जब्त किए हैं। इन पटाखों की अनुमानित कीमत लगभग 30 से 35 हजार रूपए बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी है।

## पुलिस ने भैंस चोरों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा पुलिस ने दो भैंस चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लोडिंग पिकअप वाहन एवं 5 भैसें बरामद करते हुए चार लाख पचास हजार रुपये से अधिक का माल जब्त किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा चोरी गई माल-मशरुका के विरोधी विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में त्योंदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 चोरों मुबीन कुरैशी निवासी झुग्गी नंबर 102 रूपनगर भोपाल, पोप सिंह प्रजापति निवासी बरखेड़ा थाना देहात विदिशा को सिंध नदी के पास के लगे जंगल कालापाठा से गिरफ्तार किया है। थाना त्योंदा पुलिस द्वारा धारा 303(2) बीएनएस धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीओपी शिखा भलावी एवं त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस अवसर पर रघुवीर राय, उदय जकाते, रविन्द्र तोमर, मनमोहन शर्मा, रणवीर सिंह की भूमिका रही।

## मैथिल समाज ने मनाया महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिवस मैथिल समाज के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा महोत्सव मैथिल धर्मशाला नई बस्ती वार्ड नंबर 3 में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम कन्या पूजन कर कन्याओं को चुनरी उड़ाकर किया गया। जिसमें सुंदरकांड पाठ एवं महाप्रसादी वितरण किया गया। समाज अध्यक्ष राजेश्वर झा ने बताया कि जो बच्चे समाज में अच्छे नंबरों से पास होकर आते है, उनको समाज द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा और नई युवा पीढ़ी शासकीय नौकरी में अपनी मेहनत कर जॉइनिंग लेती है उनको भी समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा एवं प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में समाज की माताएं- बहने एवं समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार नगर मीडिया प्रभारी रामराज झा ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### किसान की राशि चोरी

**गंजबासौदा।** सोमवार की शाम एक ग्रामीण के ट्रेक्टर की डिग्गी से अज्ञात बदमाश एक लाख रूपए से अधिक चुरा ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूखा आमखेडा निवासी नूर खां मंडी कराने के बाद पचमा बायपास मार्ग पर पहुंचे। जहां वे ट्रैक्टर की किस्त भरने के लिए किस्त की राशि लेकर शोरूम में चले गए और शेष राशि अपने ट्रैक्टर की डिग्गी में रख गए। इस बीच किसी बदमाश ने डिग्गी का ताला तोड़कर उनकी राशि चुरा ली, जो करीब एक लाख रूपए से अधिक बताई जा रही है। घटना के बाद पीडित देहात थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी है।

### अज्ञात व्यक्ति की मौत

**गंजबासौदा।** स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। जिसकी उम्र 50 वर्ष है और वह क्रीम



रंग की शर्ट, काला पेंट पहने हुए है। उसका रंग गेहुआ , ऊंचाई 5 फिट 6 इंच है। सीसी टीवी कैमरे की जांच उपरांत पाया गया कि व्यक्ति को अचानक झटके आए और वह गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### पुण्यतिथि पर नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

**गंजबासौदा।** सोमवार को नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय वासुदेव वाधवानी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र



गुड्डा वाधवानी, वासुदेव स्वीट्स के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 63 मरीजों की ओपीडी की। इसमें से 23 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 25 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गईं तथा 15 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, सह सचिव विनीत अरोरा, सतपाल तनवानी, दयाशंकर जायसवाल, राधेश्याम साहू, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, सुरेश चंद्र जैन, प्रकाश माहेश्वरी, चन्द्रशेखर ताम्रकार, देवी लाल कुशवाह, रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सैंट एसआरएस में संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में रविवार को राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसको संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी ने कहा कि हम खेलेंगे, भारत खेलेगा और हम जीतेंगे भारत जीतेगा। इस भाव को लेकर खेल भावना के साथ खेलें। तभी भारत विश्व गुरु बन सकता है। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने सभी खिलाड़ियों और कोच का स्वागत करते हुए उत्कृष्ट खेल खेलने का आह्वान किया।



ज्ञात हो कि भोपाल संभाग के सभी जिलों से बालक-बालिका 19 वर्ग के सभी खिलाड़ियों के दलों के साथ खो-खो कोच और खेल अधिकारी शामिल हुए। जिला खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, बीआरसी ब्रजेन्द्र रघुवंशी, बीईओ परता अहिरवार, खेल अधिकारी स्वतंत्र जैन सहित संस्था के डायरेक्टर केएस यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद यादव, खेल अधिकारी कपिल गौड़, ख़ो-खो कोच गजेंद्र सिंह दांगी, विजय शर्मा, विदिशा से राजेंद्र तोमर, रायसेन से निर्मल यादव, भोपाल से अजीतपाल सिंह गिल, राजगढ़ से भरत भैरव और सीहोर से सदाराय मालवीय मौजूद रहे। खेल कोच रोहित रघुवंशी, अनय शर्मा, राहुल और गौरव भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत कर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सभी जिलों के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने-अपने जिले की टीम को संभाग स्तर पर चयनित करने के लिए प्रदर्शन किया। खेल अधिकारी कपिल गौड़ ने बताया कि बालिका वर्ग में विदिशा जिले ने रायसेन जिले की टीम को हराया। इसी तरह बालक वर्ग में विदिशा जिले की टीम ने राजगढ़ को शिकस्त दी। अब भोपाल संभाग की टीम राज्य स्तर पर खेलने जाएगी।

### अल्प संख्यक मोर्चा ने किया स्वागत

**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पथ संचलन का अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा तहसील के सामने स्टेशन रोड पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी,



नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीओपी शिखा भलावी, समीर किरमानी, सैयद नदीम अली, इकबाल अहमद जिया, शहर काजी बारी भाई, अकील खान, अफजल भाई, शबनम बी, आकाश खिलवानी, लीलाधर सेन सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रासेयो नवांकुर इकाई के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# आपदा प्रबंधन पर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तत्वावधान में सोमवार को डॉल्फिन कैंपस में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीइआरएफ विदिशा के देवेंद्र किलोरिया, गौरव रघुवंशी, प्रेम नारायण, राजेश अहिरवार, कमल वर्मा, कृष्ण पाल सिंह राजपूत तथा मनीष तिवारी विद्यालय में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा अक्षत रोली से उनका पूजन पश्चात सरस्वती वंदना से हुआ।

रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा तिलक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का बैच लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात गायन दल द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने 2022 में बेतवा नदी में आई बाढ़ के समय रासेयो के स्वयंसेवकों और स्काउट दल के विद्यार्थियों द्वारा बाढ़ पीड़ितों की गई सेवा, सहायता के बारे में बताया। अतिथि उद्बोधन की श्रृंखला में देवेंद्र और अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी तथा खेल के मैदान में विद्यार्थियों को सुरक्षा उपकरणों और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया। ताकि मुसीबत के समय में वह अपने परिजनों अथवा मुसीबत में फंसे लोगों को सुरक्षित कर सकें। रासेयो स्वयं सेविका आन्या सैनी और नीलम प्रजापति ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, संदीप जेटली, नीतू तनवानी, अभिषेक पाठक आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## व्यसन मुक्त परिवार समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमनार को ग्राम स्यारी में श्री रामनाम लेखन मंडल स्यारी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा व्यसन मुक्त परिवार समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम के सभी व्यसन मुक्त युवाओं, वरिष्ठों एवं ग्रामीणों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही ग्राम में प्रत्येक मंगलवार, शनिवार या प्रतिदिन श्री हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा के



पाठ का निर्णय लिया गया। बैठक में श्री हनुमान चालीसा के 11 हजार पाठ करने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा व्यसन मुक्ति के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने, व्यसन से होने वाले नुकसान, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी देने और उन्हें व्यसन छोडने के लिए प्रेरित करने पर चर्चा की गई। उक्त बैठक नौलखी धाम के महंत राममनोहर दास के मार्गदर्शन एवं पं निर्मल कुमार भृगु के विशेष आतिथ्य में आयोजित की गई। इस दौरान पं निर्मल कुमार भृगु ने उपस्थितों को श्री हनुमान चालीसा एवं रामरक्षा स्त्रोत पाठ पुस्तिका का भी वितरण किया और उन्हें पाठ करने के सही तरीके से अवगत कराया। बैठक में श्री रामनाम लेखन मंडल के संस्थापक एवं पूर्व सरपंच कमल सिंह रघुवंशी, कल्याण सिंह रघुवंशी रिटेहरी, कथावाचक शत्रुहन शास्त्री, खिलान सिंह विश्वकर्मा, निर्भय सिंह रघुवंशी, देवीराम विश्वकर्मा, धारू सिंह रघुवंशी, परसराम कुशवाह, पप्पू सिंह रघुवंशी, वीरसिंह रघुवंशी, जगन्नाथ रघुवंशी, जगदीश बैरागी, अखिलेश विश्वकर्मा, नीरज रघुवंशी, मोहन सिंह रघुवंशी, संतोष लोधी, नीतेश रघुवंशी, सुरेन्द्र रघुवंशी, मनु विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, हेमंत लोधी, मोनू लोधी, गोलू रघुवंशी, योगेश हल्के रघुवंशी सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

### चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**गंजबासौदा।** सोमवार को यातायात पुलिस ने दोपहर के समय बासौदा-उदयपुर टू-लेन मार्ग पर बंजारी माता के पास जांच अभियान चलाया। इस दौरान 13 वाहनों के चालान काटे गए, जिनसे 4600 की जुर्माना राशि वसूली गई। यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी ने बताया कि वाहन संबंधी दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों की लोडिंग क्षमता की पड़ताल की। विशेष रूप से पिकअप वाहनों में ओवरलोडिंग की जांच की गई।

### संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**गंजबासौदा।** गत दिवस शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, पूर्व प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता, प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार सहित महाविद्यालय स्टॉफ, खेल स्टॉफ एवं भोपाल संभाग के सभी जिलों से आए हुए युवा खिलाड़ी, छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहर सिंह स्व. श्री लाल सिंह अहिरवार निवासी वार्ड न. 04 बेहलोट तह. बासौदा की आ. क्र. 362/1/1 की मे स्थित मकान एक मंजिल जो 15x40 कुल 600 वर्गफीट मे एक मंजिल पक्का बना है। जिसके पूर्व मे- प्लॉट भूमि कंपाउंडर, पश्चिम मे- भूमि विक्रेता, उत्तर मे- 12 फीट गली व दक्षिण मे- 4 फीट गली मकान स्थित है। जो पूर्व से पश्चिम 40 फीट व उत्तर से दक्षिण 15 फीट मे स्थित है। उक्त भवन का मूल बयनामा गुम हो गया है। बयनामा की प्रमाणित प्रतिलीपी के आधार पर श्रीराम फायनेंस कॉर्पोरेशन बैंक मे बंधक रखकर व्यवसाय हेतु ऋण हेतु आवेदन किया है। यदि उक्त बयनामा किसी भी बैंक या किसी भी व्यक्ति के पास भार ग्रस्त या बंधक है तो वह सूचित करे। जिसमे किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की आपत्ति है। तो सात दिवस के अंदर महेन्द्र कुमार तिवारी एडवोकेट गंजबासौदा के यहा आपत्ति दर्ज करावे। जाहिर सूचना अवधि के बाद किसी तरह की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

भवदीय महेन्द्र कुमार तिवारी एडवोकेट
अभिभाषक संघ गंजबासौदा
मो.न. 9131590972

## खबर संक्षेप

### बृजेश द्विवेदी प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त

**सागर।** प्राथमिक माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक शिक्षक संघ म.प्र के प्रांतीय अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया ने एकीकृत माध्यमिक शाला खेजरा बाग संकुल केंद्र बम्होरी बीका में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक बृजेश द्विवेदी को प्राथमिक माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक मध्यप्रदेश द्वारा संचालित कर्मचारी कल्याण कोष के लिए प्रदेश मीडिया प्रभारी संभाग सागर के लिए नियुक्त किया है । बृजेश द्विवेदी को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर सागर जिले के समस्त शिक्षक बंधुओ ने शुभकामनाएं और बधाई दी बधाई देने वालों में संघ के मुकेश नेमा, कृष्णा साहू, रामरतन तिवारी, महेंद्र चौबे, देवी सिंह यादव, निशा सकवार, वीणा पटेल, संदीप चौरसिया, अशोक भोसले, हरीश मिश्रा, राजेश मिश्रा, कमल अहाके, प्रीतम सिंह ठाकुर, लक्ष्मण यादव, हाकम सिंह ठाकुर, संजय द्विवेदी, प्रकाश रैकवार, संजय जैन, मुकेश जैन, कमलकांत मिश्रा, राकेश गर्ग, मनहरण अग्निहोत्री ,संतोष दुबे , रामसेवक द्विवेदी, रामप्रसाद चढ़ार आदि शामिल है।

### दीपावली पूर्व सभी विभाग प्रमुख कार्यालयों में चलाएं सफाई अभियान

**सागर।** दीपावली पर्व के पूर्व सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता की दृष्टि से विशेष सफाई अभियान प्रारंभ करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने कार्यालयों में नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखें और दीपावली से पूर्व विशेष अभियान चलाकर समस्त कार्यालयों को स्वच्छ बनाया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि कार्यालयों में रखे पुराने व अनुपयोगी सामानों को नष्ट करें तथा अनावश्यक सामग्री को न रखें। कार्यालय की मुख्य गेट से लेकर सभी कक्षों तक साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### पांच बस्तियों में निकले पथ संचलन, लोगों ने किया स्वागत

# संघ की योजना से बस्तियों में स्वयंसेवकों ने मिलाए कदमताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने तथा दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य में संगठन की योजना से आयोजित हो रहे बस्तीबार पथ संचलन की श्रृंखला में रविवार को नगर में पांच बस्तियों के अलग अलग पथ संचलन निकाले गए। सभी बस्तियों में एकत्रीकरणए सम्पत के बाद मुख्य वक्ता के बौद्धिक उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुए। स्वयं सेवकों द्वारा कांधे पर दंड लेकर अनुशासित रूप से नगर के अनेक मार्गों से भारत माता के गीत गाते हुए निकले।





#### सामूहिक गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ

गणेश बस्ती एवं मदन मोहन बस्ती में कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक गीत से हुआ। अतिथियों का परिचयए अमृत वचन एकल गीत के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने उद्बोधन देते हुए नागपुर से 1925 में डॉ केशवराम बलिराम हेडगेवार जी द्वारा प्रारंभ की गई। संघ यात्रा का विस्तृत व्याख्यान करते हुए राष्ट्र की एकता अखंडता के लिए हिन्दू समाज की संगठित शक्ति का आव्हान करते हुए कहा कि गिनती के बाल स्वयं सेवकों के प्रारंभ हुई संघ की शाखा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ की विकास यात्रा एवं उसके संघर्ष के साथ.साथ संघ को सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी बनाने पर जोर दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भारत की गौरवशाली अतीत परंपरा ओर वर्तमान परिस्थितियों का वर्णन किया। उन्होंने समाज को एकजुटता से रहने और युवाओं का आह्वान करते हुए संगठित रहने हेतु प्रेरित किया तथा अंत में संघ के द्वारा समाज में प्रचारित पंच परिवर्तन के संदेश का भी उल्लेख किया। इनमें स्वबोधए नागरिक शिष्टाचार एपर्यावरण संरक्षणए कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता के लिए समाज के युवाओं को आगे आने का आह्वान किया।

#### रंगोली व पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

संचलन के पूर्व बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमो में मदन मोहन बस्ती में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र मंगलए जटाशंकर बस्ती में सर्जन शर्मा एवं गणेश बस्ती में जैन समाज से निशा दीदी नेहा दीदी ने प्रमुख रूप से सहभागिता की। मदनमोहन एवं गणेश बस्ती में विभाग प्रचारक सौरभ सिंहएशिवाजी बस्ती में जिला मुख्य मार्ग प्रमुख अरविंद दांगीए जटाशंकर बस्ती में जिला शालेय विद्यार्थी प्रमुख शिवम बघेल एवं सुभाष बस्ती में जिला सह संपर्क प्रमुख जितेंद्र श्रीवास्तव का उद्बोधन स्वयंसेवकों को मिला। नगर की गणेशएशिवाजीएसुभाषएजटाशंकर एवं मदनमोहन बस्ती के अलग अलग मार्गो से निकले पथ संचलन का नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओंए समूह में मातृ शक्ति ने अनेक स्थानों पर रंगोली बनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### सजने लगे नगर के बाजार

## बाजार में लौटी रोनकः दीपावली पर बेहतर कारोबार की उम्मीद



**सिरोंज।** दीपावली करीब आते ही नगर के बाजार सजने लगे है। वही व्यापारियो को इस वर्ष धनतेरस पर खासी बिक्री होने की उम्मीद है। इसको लेकर व्यापारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। दुकानों का रंग.रूप बदलने लगा है। दुकानों की साज.सजावट लोगों का वैलकम कर रही है। तो वही व्यापारियों ने बिक्री की संभावना को लेकर आवश्यक सामानों का स्टाक कर लिया गया है। लोगों द्वारा बाइक व इलेक्ट्रानिक सामान की एडवांस बुकिंग की जा रही है। वही बाइक शोरूम संचालक ने बताया कि अब तक उनके यहां 15.20 बाइक की बुकिंग हो चुकी है। धनतेरस को लेकर उनके यहां संबंधित कंपनी की डिमांड वाले मॉडल की बाइक मंगाई गई है। यहीं स्थिति विभिन्न ट्रेक्टर शोरूम की भी है। लोग अपनी अपनी पसंद के वाहन की बुकिंग कराने पहुंचने लगे है। इलेक्ट्रानिक दुकानों के मालिकों को भी धनतेरस पर खासी उम्मीदें है। इन दुकानों में बुकिंग के लिए ग्राहक पहुंचने लगे है। बर्तनएकपड़ाएकिराना के दुकानदारों ने भी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शाम ढलते ही मुख्य बाजारएकपडा बाजारएगांधी बाजारएसराफा बाजारएचांदनी चौकएछिपेटी बाजार रंग.बिरंगी रोशनी से चमकने लगते है। हालांकि अभी कम ही दुकानों में साज.सजावट अंतिम रूप ले पाई हैएलेकिन तैयारी हर तरफ जारी है।

### आधुनिकता की दौड़ में पीछे रह गए देशी दीप



**सिरोंज।** आधुनिकता की दौड़ में हमारे देशी दीए पीछे रह गएएजहां सभी सामान की कीमतें कई गुना बढ़ गई तो वहीं मिट्टी के देशी दीपो की कीमतें घट रही है और बिक्री भी 10 फीसद रह गई। जहां दीपावली को सिर्फ 6 दिन ही बचे हैएलेकिन मिट्टी से दीप बनाने वाले कई घरों में चाक बंद है। शहर में ऐसे कई परिवार है जो मिट्टी के बर्तन व दीप बनाकर जीवनयापन करते है। वहीं उन्होने बताया कि एक समय मिट्टी से बने दीए की परंपरा थी और दीए बनाने का काम दो महीने पहले शुरू हो जाता था और दीपावली पर हर परिवार के 15 हजार दीए बिक जाते थेएलेकिन अब मशीनों से बनकर आने वाले डिजाइनिंग वाले दीपों से मिट्टी के देशी दीए दीपावली पर दो हजार भी नहीं बिक पाते। इससे अब दीपावली नजदीक आते ही काम शुरू करते हैं और कम दीए ही बनाते हैं ताकि नुकसान न हो। देवेन्द्र प्रजापति ने बताया कि एक दौर था जब कुम्हार के मिट्टी से बने दीए परंपरा के रूप में खरीदे जाते थेएजिन्हें हम हाथों से तैयार करते थे। दो से तीन दिन में 15 हजार दीए बेंचते थेएलेकिन अब मशीनों से डिजाइनिंग वाले दीए तैयार होकर बाजार में बिकने आ जाते हैएइससे हमारे दीए नहीं बिक पाते हैएजबकि सादा दीपों के पीछे भी एक परिवार की दीपावली मनाने की उम्मीद रहती है।

### अस्पतालों में डॉक्टर दोनों समय अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर इलाज मुहैया कराएंः कलेक्टर

**सागर।** सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर दोनों समय अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर इलाज मुहैया कराएं एवं झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की सभी शासकीय अस्पतालों में कार्यरत सभी डॉक्टर अपनी ड्यूटी समय पर करें एवं प्रातः काल एवं सायंकाल ओपीडी में बैठकर पीड़ति व्यक्तियों का इलाज सुनिश्चित करें इसका निरीक्षण संबंधित एसडीएम करें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जिले में झोलाछाप डॉक्टर पर भी सख्त कार्रवाई की जावे जिससे कि मरीजों को सही इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय समुदाय स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का समय-समय पर निरीक्षण करें एवं प्रातः कालीन एवं सायंकाल में डॉक्टर उपस्थित हैं या नहीं इसका निरीक्षण करें। अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जावे।

# भ्रष्टाचार के आरोपी प्राचार्य की स्कूल में मनमानी

## शिक्षिका से अभद्रता, छेड़छाड़, पति से मारपीट, पुलिस कार्रवाई के प्रति उदासीन

- घटना के दूसरे दिन महिला शिक्षिका को रोक कर दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

लम्बे समय से बाड़ी की शा. कन्या हा.से. में पदस्थ प्राचार्य मेहर, सिलवानी ब्लॉक शिक्षाधिकारी रहते लाखो रू. के गबन मामले में आरोपी है। अपने अधिनस्थों के प्रति मनमानी कार्य प्रणाली एक महिला अतिथि शिक्षिका के साथ स्कूल में ही अभद्रता, छेडछाडक्ा मामला चर्चाओं, जांच और कार्यवाही का विषय बना हुआ है।

पूर्व में उक्त प्राचार्य के विरूद्ध विधानसभा में प्रश्न भी पूछे गए। संचालक लोक शिक्षण मप्र द्वारा 26 अगस्त 2025 को लिखे पत्र में तत्काल कार्यमुक्त करने, विभागीय कार्यवाही के बाद भी शासकीय कन्या शाला के पद पर बने रहने से शिक्षा विभाग की छवि खराब हो रही है।

अतिथि शिक्षिका श्रीमती निखत शाह, पत्नी ताहित शाह शिक्षक शा. कन्याशाला में है। 9 अक्टूबर को जब शिक्षिका अपनी ई-अटेंडेंस मोबाइल से लगा रही थी, प्राचार्य घनश्याम मेहर भडक़ उठे, शिक्षिका से अभद्रता अभद्र शब्दों का उपयोग किया। उसी समय शिक्षिका के पति ताहिर शाह ने पत्नी का बचाव किया तो उनके साथ केशव नामदेव द्वारा मारपीट अभद्रता की गई।

निखत शाह ने संपूर्ण घटना की रिर्पोट उसी दिन पुलिस थानें में की परंतु घटना पर पुलिस द्वारा न कोई जांच की न ही प्रकरण दर्ज करने की कह कर टाल दिया गया।




#### घटना के दूसरे दिन शिक्षिका को रोका और धमकी दी

घटना के दूसरे दिन 10 अक्टूबर को जब स्कूटर पर अपने बच्चें के साथ बाजार जा रही शिक्षिका निखत शाह को प्राचार्य मेहर ने बारना पुल के पास रोका अभद्रता की धमकी दी एवं छेडछाड का प्रयास किया। स्कूल और स्कूल के बाहर अतिथि शिक्षिका के साथ कन्या शाला के प्राचार्य जो कि पूर्व में पास्कों एक्ट के आरोपी रह चुका है। वर्तमान में सिलवानी कांड में लाखो रू. के फर्जीवाड़े सरकारी राशि गबन के आरोपी है। ऐसे प्राचार्य की कार्यप्रणाली धमकियों से अतिथि शिक्षिका उसके पति भयभीत परेशान बने हुए है।

#### *पुलिस द्वारा नहीं की जा रही कार्रवाई*

*शासकीय कन्या शाला में अतिथि शिक्षक हूँ, मेरे पति इसी स्कूल में शिक्षक है। 9 अक्टूबर को मेरे साथ प्राचार्य द्वारा की गई घटना की थानें में लिखित शिकायत की गई, कोई कार्यवाही नहीं हुई। दूसरे दिन पुनः मेरे साथ प्राचार्य मेहर ने घटना की जिससे भयभीत हूँ, पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने के कारण 181 सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत की है।*

***- श्रीमती निखत शाह,** अतिथि शिक्षिका बाड़ी।*

# नगर की सड़कों व बाजारों में अतिक्रमण की भरमार, पैदल चलना भी जोखिम भरा

## सब्जी मंडी के भीतर स्थान खाली, सड़कों पर लग रही दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

दो दशक पूर्व पुरानी कन्या शाला भवन और नगर में प्रवेश के 100 वर्षों से अधिक पुराने गेट को तोड़कर नगर पंचायत द्वारा छायादार सब्जी मंडी का निर्माण कर सब्जी बेचने वालों को दुकानें आवंटित की गई। सब्जी मंडी विक्रेता और बाहर मुख्य सडक़ के किनारे हाथ ठेलो पर सब्जी की दुकानों के अतिक्रमण से वाहन तो क्या दिन में पैदल चलना जोखिम भरा बना रहता है।

#### बाजारों सड़कों पर अतिक्रमण

पुरानी कन्या शाला, पुरानी अदालत के बगल में 40 से 50 वर्षों पूर्व तक थाना भी हुआ करता थाद्ध कन्या शाला के दो मंजिला भवन को तोडक़र सब्जी मंडी बन गई, परंतु पुराने थाने की अधिकांश भूमि खंडहरनुमा, अतिक्रमण और कच्चे पक्के मकान दुकान बन गई। कभी कन्या शाला अदालत की भूमि और तार फेंसिंग टॉकीज के पीछे कुआं तक हुआ करती थी, जब सडक़ किनारे का अतिक्रमण तप हटे तो पक्का अतिक्रमण सामने आ गया। सब्जी मंडी के आसपास मंडी पर अतिक्रमण कर उसका निजी उपयोग किया जा रहा है। नगर की अधिकांश सडक़ों बाजारों में दुकानों के भीतर से अधिक सामान सडक़ों पर फैला रहने से आवागमन की परेशानियां कभी भी जाम लगने से पैदल चलना भी जोखिम भरा बना रहता है। हॉकर जॉन नगर पंचायत ने बनाया, फिर भी सडक़ पर हाथ ठेलो पर सब्जी फल बेचने के कारण हॉकर्स जोन का अधिकांश हिस्सा खाली पड़ा हुआ है।



**हद में रहने की हिदायत बेअसर -** इसी वर्ष और पूर्व में भी सडक़ों से अतिक्रमण हटाने मुहिम चलाई गई, चूने की लाइन डाली गई कुछ दिनों बाद हद में रहने की हिदायत निरंतर कार्रवाई के अभाव में हवा हवाई हो गई। दुकानों के सामने सडक़ों के किनारे हाथ ठेला लगे सामग्री फैलाने से अक्सर विवाद और जाम की स्थिति से आम आदमी बच्चे महिलाएं, बुजुर्ग, जोखिम भरी स्थिति में पैदल चलते नजर आ रहे हैं।

### भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल

# आत्मनिर्भर भारत व नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म महासम्मेलन संपन्न

- जीएसटी सुधार से व्यापार और किसानों को बड़ी राहत- भाजपा जिलाध्यक्ष शर्मा
- स्वदेशी को अपनाकर आत्म निर्भर भारत के सहभागी बनें - संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म के तहत उदयपुरा विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन सोमवार दोपहर को शिवाजी सेवा सदन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल और जिला महामंत्री केशव पटेल उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ भारती एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति, किसान, उपभोक्ता, जनप्रतिनिधि, भाजपा के कार्यकरता एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

मुख्य अतिथि मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब तीसरे स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले हम रक्षा उपकरणों के आयातक थे, आज हम निर्यातक हैं। सुपर सोनिक मिसाइल, पनडुब्बी और अनेक प्रकार के स्वदेशी हथियार देश में निर्मित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भारत ने न केवल अपने देशवासियों को वैक्सीन दी, बल्कि अन्य देशों को भी निःशुल्क वैक्सीन देकर आत्मनिर्भर भारत की असली शक्ति दिखाई।

जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है भारत किसी भी वस्तु या सेवा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न रहे। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ, जिससे देश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बने।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल, जिला मंत्री मेहराव सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, अभिषेक श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह ठाकुर, रेवा सिंह गोदर, अभिषेक रघुवंशी, सुनील लोधी, रोहित चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री केशव पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन योगेश पटेल जिला उपाध्यक्ष ने किया।

#### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहाः शर्मा

- भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा,नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों के तहत अब केवल दो दरें 5 प्रति और 18 प्रति रखी गई हैं। घरेलू उपयोग की वस्तुएँ अब 5 या शून्य कर के दायरे में हैं। किसानों को राहत देने के लिए ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक एवं सिंचाई उपकरण पर जीएसटी घटाकर 5प्रति किया गया है, जिससे खेती की लागत में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, वहीं दवाइयों, ऑक्सीजन और टेस्ट किट पर कर में भी बड़ी कटौती की गई है।

### स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने की जनसुनवाई, 70 आवदेन हुए प्राप्त

**बरेली।** मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंन्द्र शिवाजी पटेल ने प्रत्येक सोमवार को शिवाजी सेवा सदन बरेली कार्यालय में नागरिक जनों से भेंट कर लोगों की जनसुनवाई की और प्राप्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संज्ञान लिया और अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 70 आवेदन प्राप्त हुए।

**जन्म तिथि परिवर्तन**

मैं, मनोज छुगानी पुत्र श्री श्यामलाल छुगानी आयु 48 वर्ष निवासी वार्ड क्र. ।। बाँसकुली बडा बाजार विदिशा ज़िला विदिशा म.प्र.। मेरे पुत्र अनुज छुगानी की जन्म दिनांक 04-09-2010 है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होकर सत्य व सही है । मेरे पुत्र के ट्रिनिटी कान्वेंस्ट स्कूल विदिशा के शैक्षणिक दस्तावेजो में उसकी जन्म दिनांक 04-03-2011 दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र की सही जन्म दिनांक 04-09-2010 है । में अपने पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसकी सही जन्म दिनांक 04-09-2010 दर्ज कराना चाहता हु ।जिस हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है ।

शपथ पत्र CZ 069948

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति दीपिका सप्रे पत्नि श्री कमलेश सप्रे निवासी वार्ड नं. 11, खटीक मोहल्ला, कुरवाई तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र. के द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 618 वर्गफिट है जो कि आराजी क्रमांक 1692, पटवारी हल्का क्रमांक 22, तलैया, गढ़ा मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 09, कुरवाई तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र. में स्थित है उक्त मकान जिसकी चतुर्थ सीमाए इस प्रकार हैं पूर्व में- रोड़, पश्चिम में- शीलचंद्र सप्रे का मकान, उत्तर में- रोड़ एवं गली, दक्षिण में- अब्बास खान है उक्त मकान श्रीमति दीपिका सप्रे पत्नि श्री कमलेश सप्रे निवासी वार्ड नं. 11, खटीक मोहल्ला, कुरवाई तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र. द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्री राजाराम सप्रे पुत्र श्री भैयालाल सप्रे निवासी ग्यारसपुर तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा म.प्र. से क्रय की थी जिसका विक्रय पत्र दिनांक 25-02-2025 ई रजिस्टेशन नं. MP452772022A1196204 है जिसके वर्तमान स्वामी श्रीमति दीपिका सप्रे पत्नि श्री कमलेश सप्रे निवासी वार्ड नं. 11, खटीक मोहल्ला, कुरवाई तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र. हैं ।

उक्त मकान पर लोन प्राप्त करने हेतु श्रीमति दीपिका सप्रे पत्नि श्री कमलेश सप्रे निवासी वार्ड नं. 11, खटीक मोहल्ला, कुरवाई तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो किसी भी प्रकार का कोई हक आदि हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित गोपाल कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल, जिला न्यायालय के सामने, विदिशा जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त सम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
गोपाल कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल,
जिला न्यायालय के सामने, विदिशा
जिला विदिशा म.प्र. मो: 9685965100

## मेहगांव, चोपड़ा, ताजपुर सूर गांव में पहाड़ियों को पहुंचाया जा रहा नुकसान

# खनिज माफियाओं ने पहाड़ों को गहरी खाई में किया तब्दील, अब छोड़ दिए मौत के गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

एक सड़क कंपनी के ठेकेदार द्वारा तहसील रायसेन के ग्राम मेहगांव, ताजपुर सूर, कौड़ी मोरी, बारला की पहाड़ी आसपास की हरी-भरी पहाड़ियों को काटने से न केवल प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि भविष्य में भू-क्षरण और जलसंकट की स्थिति भी निर्मित हो सकती है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी तरह अवैध खनन चलता रहा तो आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र बंजर हो जाएगा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जिला खनिज विभाग से मांग की है कि अवैध मुरम उत्खनन पर तुरंत रोक लगाई जाए। लोगों का कहना है कि विभाग को अलग-अलग स्थानों से घेराबंदी कर कार्रवाई करनी होगी, तभी अवैध खननकर्ताओं पर शिकंजा कसा जा सकेगा और राजस्व की हानि रोकी जा सकेगी।

इस ठेकेदार द्वारा किसानों से खेत में कुआं तालाब बनाने का एग्रीमेंट करके उसमें से कोपरा, मुरम और बड़े पैमाने पर भसुआ निकाल कर बाईपास फोरलेन सड़क में लगाई गई है। यह अभी का मामला नहीं है, बल्कि पिछले डेढ़ साल से यह अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है और जिम्मेदार विभाग के अधिकारी बजाय कार्रवाई के आंखें मूंदे बैठे हुए हैं। लापरवाही का आलम यह है कि लगभग चार दर्जन से भी कि ज्यादा जानलेवा गड्ढे खेतों में बन चुके हैं। जिसमें बारिश का पानी लबालब भरा हुआ है, जो इनमें नहाते समय बच्चों के डूबने का खुला न्योता दे रहे हैं।

### अवैध मुरुम उत्खनन से राजस्व को नुकसान, पर्यावरण के साथ जल पर भी संकट





### प्रशासन की अनदेखी : धड़ल्ले से चल रहा अवैध उत्खनन का कारोबार

फिलहाल सबंधित क्षेत्र से इन दिनों अवैध मुरम उत्खनन का धंधा बेखौफ अंदाज में चल रहा है। खनिज विभाग और प्रशासन की अनदेखी अवैध मुरम मिट्टी कोपरा खुदाई का धंधा बेखौफ धड़ल्ले से चल रहा है। जिला प्रशासन, वन महकमे और जिला माइनिंग विभाग के अधिकारियों की अनदेखी जुर्माना कार्रवाई के अभाव में एक सड़क कंपनी ठेकेदार का यह कारोबार बेरोकटोक चल रहा है। ठेकेदार की सल्तनत मेहगांव से लेकर विदिशा सीमा क्षेत्र में फैली हुई है। ठेकेदार और उनके गुर्गों की क्षेत्र में दादागिरी चल रही है। वह गुंडागर्दी के दम पर पहाड़ियों को बड़ी बड़ी पोकलेन, जेसीबी मशीन से समतल करने में दिनरात जुटे हुए हैं। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदार विभाग के अधिकारी ठेकेदार पर नकेल नहीं कसते, जिससे उसके होसले बुलंद है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी इसे लेकर गंभीर नहीं है। इसी वजह से आसपास की हरी भरी पहाड़ियां अब मैदाने में तब्दील हो चुकी हैं इसको लेकर वन विभाग और पर्यावरण विभाग भी गंभीर नहीं है। बहरहाल अब देखना यह है कि जिला खनिज विभाग के अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

### सूचना तंत्र से बच निकलते हैं अवैध कारोबारी

अवैध उत्खनन कर्ताओं के तैनात लोग बाहर से आने वाले वाहनों की सूचना तुरंत पहुंचा देते है। जिसके चलते विभागीय टीम के पहुंचने से पहले अवैध कारोबारी मौके से भाग निकलते हैं। यही वजह है कि कई बार शिकायतें होने के बाद भी कार्रवाई अधूरी रह जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अवैध उत्खनन को लेकर विरोध करने वालों पर खननकर्ताओं द्वारा दबाव बनाया जाता है।

### उत्खनन को लेकर शीघ्र ही कार्रवाई होगी

उक्त क्षेत्रों में अवैध मुरुम, कोपरा, मिट्टी उत्खनन को लेकर शीघ्र ही कार्रवाई होगी। इसकी जानकारी जुटाकर तथ्यात्मक जानकारी एकत्रित की जाएगी। ठेकेदार चाहे कितना भी रसूखदार क्यों न हो कार्रवाई का डंडा चलकर रहेगा।

**- महेंद्र पटेल,** जिला खनिज अधिकारी रायसेन।

## टीएल बैठकः भावांतर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों से की गहन चर्चा

### कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने जिले में भावांतर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सोयाबीन उत्पादक किसानों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ गहन चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में भावांतर योजना के तहत अभी तक हुए किसान पंजीयन की समीक्षा करते हुए कहा कि अभी तक जिले में 4528 सोयाबीन उत्पादक किसानों द्वारा पंजीयन कराया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है, इसके पूर्व जिले में सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों के पंजीयन सुनिश्चित कराए जाएं। साथ ही सभी एसडीएम और अधिकारियों को किसान संगठनों से सतत संवाद करने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया और निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। भावांतर योजना सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण स्तर तक इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पंजीयन केंद्रों पर किसानों को समुचित सहयोग मिले और योजना से जुड़ी सभी जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, किसानों को मंडियों में उपज विक्रय के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से कार्य करें।

## खबर संक्षेप

### किसान मोर्चा एसडीएम को सौंपेगा ज्ञापन कल

**रायसेन।** किसानों को उपज का उचित भाव दो-खाद दो की मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा 15 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपेगा। किसान जागृति संगठन के जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, कार्यालय मंत्री विजय चौकसे ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान जिला विपणन विभाग के खाद गोदाम के सामने आंदोलन करेंगे। किसान यह विरोध आंदोलन बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे करेंगे।

### 2 बाइक की भिड़ंत में एक बच्ची समेत 5 लोग घायल

**सलामतपुर/दीवानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हलाली डैम रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बच्ची सहित 5 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर दो महिलाएं एक बच्ची और एक युवक सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर दो युवक सवार थे। दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पहली बाइक पर सवार महिला, बच्ची और युवक घायल हुए, जबकि दूसरी बाइक पर बैठे दोनों युवक भी चोटिल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। महिला, बच्ची और युवक को विदिशा जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि दोनों युवक अपने निजी वाहन से इलाज कराने अस्पताल पहुंचे।

## नपा सीएमओ सहित अमला मौके पर पहुंचा

# फिर फूटी हलाली नलजल योजना की पाइप लाइन, सड़कों पर बहा हजारों गैलन पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर की हलाली नलजल योजना में करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद भी नतीजा अभी तक ठन-ठन गोपाल ही निकला। घटिया कार्य और हल्की पाइपों की वजह से शुरुआती दौर से पाइप लाइनों के विस्तार के मामले विवादों में रहे हैं।

सोमवार दोपहर करीब 3 बजे शहर के मुखर्जी नगर बाल विहार के समीप जहां मकान के सामने नाली की खुदाई का कार्य जोरों से चल रहा है। मजदूरों द्वारा हल्की गैंती लगते ही सिर्फ एक डेढ़ फीट गहरे में बिछी पानी सप्लाई पाइप लाइन में फव्वारे फूट पड़े। पानी की तेज धार फव्वारे की तरह करीब 30 फ़ीट ऊंचाई पर जलधारा नजर आई। इस दृश्य को देखने भारी भीड़ लग गई।

सूचना मिलते ही नपा सीएमओ सुरेखा जाटव मौके पर पहुंची। उन्होंने नपा अमले को निर्देशित किया पानी को जल्दी रोका जाए। नपा अमले ने पाइप लाइन बंद कर कड़ी मशक्कत के बाद पाइप लाइन को सुधारा गया।

फूटी पाइप लाइन से करीब आधे घंटे तक सड़कों पर हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह गया।

# छात्रावास अधीक्षकों और शिक्षकों ने आदिम जाति कल्याण विभाग जिला संयोजक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिला आदिम जाति कल्याण विभाग के अधीन शासकीय छात्रावासों के अधीक्षकों, ट्रायबल वेलफेयर एसोसिएशन रायसेन ने अपनी 9 सूत्रीय जायज मांगों को लेकर विभाग के जिला संयोजक सीपी सोनी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि एक पखवाड़े के भीतर उनकी मांगे पूरी नहीं होती होगी तो सभी जिले के हॉस्टल अधीक्षक, छात्रावासों शिक्षकों द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जिले के जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 67 छात्रावास और आश्रम संचालित हैं। शिक्षण संस्थानों में शिक्षक सहायक शिक्षक और उच्च शिक्षकों माध्यमिक शिक्षकों और छात्रावासों के अधीक्षक कई सालों से अपनी सेवाएं ईमानदारी से दे रहे हैं। जिला आदिम जाति कल्याण विभाग के आदेश पर सभी लोग नौकरी करके सेवाएं दे रहे हैं। छात्रावासों के संचालन के लिए अधीक्षक 24 घंटे तैनात रहते हैं।

क्योंकि छात्रावास शो में आवासीय छात्राओं को सुबह-शाम और रात के समय चाय पानी भोजन नाश्ता आदि दिलाने का दायित्व छात्रावास प्रभारियों के ऊपर है।

इस दौरान यदि कोई छात्र बीमार होता है तो उसे भी डॉक्टर से चेकअप कराना हॉस्टल प्रभारी का परम कर्तव्य है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा धरती आवा योजना, ग्राम योजना शिक्षा वृत्ति योजना, टनटया मामा भील योजना, छात्रवृत्ति शिकायत हेल्पलाइन योजना अंतरजातीय विवाह योजना का सत्यापन कार्य के सफल क्रियान्वयन दायित्व भी इन्हीं के ऊपर निर्भर है।

उन्होंने शिक्षा आयुक्त जिला आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक सीपी सोनी से आग्रह किया है कि उन्हें बीएलओ कार्य से मुक्त किया जाए।

ज्ञापन सौंपने वाले में संगठन के जिला अध्यक्ष प्रशांत पटेल, हॉस्टल प्रभारी हरिप्रसाद सोनी प्रभाकर गायकवाड खिल सिंह यादव रामबाबू लोधी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ का विशाल पथ संचलन निकाला गया। संचलन के आरंभ के पूर्व एकल गीत अमृत वचन एवं बौद्धिक होने के बाद संचलन का शुभारंभ बारना कॉलोनी बाल मंदिर से हुआ।

कार्यक्रम में बाड़ी खंड के संघ चालक नरेश रघुवंशी, विदिशा विभाग कार्यवाह नवीन जोशी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर गिरीश दास जी उपस्थित रहे। नवीन ने मुख्य वक्ता के रूप में बौद्धिक में संघ के प्रथम सर संघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ कब शुरू किया और उसको कैसे आगे बढ़ाया द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी के समय प्रतिबंध और उसके द्वारा किए कार्यों के विषय में उनकी विचारधारा के विषय में बताया।

शताब्दी वर्ष में होने वाले पंच परिवर्तन के कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। नवीन के उद्बोधन के बाद संघ की प्रार्थना हुई फिर पथ संचलन की आज्ञा के साथ संचलन प्रारंभ किया गया।

मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर भव्य स्वागत में बाड़ी भाजपा के कार्यकर्ताओं, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं, चिंतामन चौराहा पर व्यापारी संघ एवं नगर के नागरिकों ने स्वागत किया। मंगलवारा बाजार से होते हुए आदिवासी आश्रम में अल्पाहार के बाद संचलन का समापन हुआ। पथ संचलन में भारी संख्या में नगर व अन्य ग्रामों के स्वयंसेवक शामिल हुए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व-पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे सहित राजस्व तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कहा राजस्व-पुलिस संयुक्त रूप से करें कार्य

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ संयुक्त रूप से कार्य करने के कहा। पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे द्वारा पीपीटी के माध्यम से मर्ग डायरी निराकरण, अतिक्रमण, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, गौवंश के अवैध परिवहन के लिए प्रयुक्त वाहनों को राजसात करने एवं सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ धारा 25 पुलिस एक्ट नीलामी, बंद फैक्ट्रियों का संयुक्त भ्रमण कर चिन्हित करने, विस्फोटक सामग्रियों की जांच, खाद-बीज वितरण व्यवस्था, मंडी व्यवस्था, पीड़ित प्रतिकार और राहवीर योजना पर चर्चा की गई। बैठक में राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार और प्रकरणों की स्वीकृति, सड़क सुरक्षा विषयों पर भी चर्चा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# राजस्व प्रकरणों को समयावधि में निराकृत कराएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने अनुभागवार और तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि सभी गंभीरता के साथ राजस्व कार्यों तथा प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। उन्होंने न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों तथा निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि प्रकरण निर्धारित समयावधि के भीतर ही निराकृत किए जाएं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रकरणों का निराकरण होते ही पोर्टल पर जानकारी दर्ज की जाए तथा आदेश का पालन कराया जाए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, फार्मर रजिस्ट्री, आरओआर से आधार लिंकिंग, राजस्व वसूली, मासिक पत्रक, समाधान विषयों की विस्तृत समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।



### 42790 प्रकरणों में से निपटाए 34992 प्रकरण

बैठक में बताया कि चालू राजस्व वर्ष में अभी तक 42790 पंजीकृत प्रकरणों है, जिनमें से 34992 प्रकरणों का निराकरण हो गया है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण का प्रतिशत 81.78 प्रतिशत है। कलेक्टर द्वारा शेष 7798 प्रकरणों को भी शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। रायसेन उपखंड अंतर्गत 6525 में से 5080 प्रकरण निराकृत हो गए हैं। वहीं जिले में नामांतरण के 15125 प्रकरणों में से 12699 प्रकरणों का निराकरण हो गया है। इसी प्रकार सीमांकन के 4453 प्रकरणों में से 4298 प्रकरण निराकृत हो गए हैं तथा बंटवारा के 3277 प्रकरणों में से 2671 प्रकरण निराकृत हुए। वहीं अभिलेख दुरूस्ती के 665 प्रकरणों में से 476 प्रकरण निराकृत हो गए हैं। साथ ही जिले में 161323 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हो गया है।

## पुलिस चौकी परिसर में संगठन द्वारा आमसभा आयोजित की

# धर्मांतरण के खिलाफ कठोर कानून बनाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग करते हुए बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती जन जागरण धर्म रक्षा समिति ने नगर में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग की। नगर के बजरंग चौराहा पुलिस चौकी परिसर में संगठन द्वारा आमसभा आयोजित की गई।

यहां पर वक्ताओं ने 3 सूत्रीय मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए धर्मांतरण के कारण भारत में मूल समाज का अस्तित्व खतरे में है। कार्यक्रम का संचालन सुप्यार सिंह द्वारा किया। आमसभा के बाद जुलुस के रुप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री के नाम धर्मांतरण व लव जिहाद के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पूर्व रिटायर्ड जज नारीमन जो स्वयं ईसाई है। ईसाई संगठनों के साथ सितंबर में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई जिसमें इनके द्वारा यह मांग की गई है कि भारत के जिन राज्यों में धर्मांतरण रोकने धर्म स्वातंत्र अधिनियम के तहत कानून बनाए है उन्हे निरस्त किया जाए।




विडंबना यह है सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्काल सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किए जो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को दिए, किन्तु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस नहीं दिए, जबकि ईसाई मिशनरियों द्वारा एवं इस्लामिक जेहादी संगठनों द्वारा सर्वाधिक धर्मांतरण एससी एसटी समाज का किया है, जिसका साक्षात परिणाम है कि अनुसूचित जनजाति समाज में नागा जनजाति, बोडो जनजाति विलुप्त होने की कगार में है। धर्मांतरण केवल धर्मान्तरण नहीं वरन राष्ट्रांतरण है जिसका परिणाम है कि पिछले 1500 वर्ष में भारत वर्ष के 25 टुकड़ो के रूप में विभाजन हुआ। वर्तमान समय में भारत के 9 राज्यों में एवं 200 जिलों में धर्मांतरण के कारण हिन्दू समाज अल्पसंख्यक होने की कगार में है एवं धर्मांतरण के कारण वर्तमान भारतवर्ष में निवासरत मूलसमाज का अस्तित्व खतरे में है।

ज्ञापन में मांग की है कि धर्मांतरण के खिलाफ देश में कठोर कानून बनाते हुए धर्मांतरण के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया जाए। जो शिक्षण संस्थाएं एवं स्वास्थ्य संस्थाएं शिक्षा एवं स्वास्थ्य के नाम पर धर्मांतरण का कार्य करते है उन्हे तत्काल प्रभाव से बंद कर उन पर 50 लाख का जुर्माना लगाया जाए। विदेशी संस्थाओं द्वारा एनजीओं से ईसाई मिशनरियों को धर्मांतरण हेतु जो आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है उसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

आम सभा को भागचंद्र उइके, राजेश उइके, रघुनंदन ठाकुर, आनंद ठाकुर, ललिता जाटव आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।